# NAV BHARAT JAGRITI KENDRA Newsletter

NBJK

# नव भारत जागृति केन्द्र सूचनापत्र

October - December, 2019 www.nbjk.org अक्टूबर - दिसम्बर, 2019


## Vedanta ESL Skill Development Program at Bokaro

In July 2019, NBJK launched a program of Skill Development for youths from 29 villages under Chas and Chandankiyari blocks of Bokaro district in Jharkhand. The program is being supported under Corporate Social Responsibility/CSR initiative of Electrosteel Steels Ltd., a Vedanta Group Company which owns a factory to make DI Pipes, TMT Bars, Wire Rods, Billets, and Pig Iron etc. near Siyaljori village of Chandankiyari block in the district.

The program's goal is to equip the unemployed youths in the villages around Vedanta ESL with skills, competency and confidence enabling them to either secure placement in different industries & business houses or pursue sustainable self-employment opportunities through micro enterprise. The program is supposed to facilitate the provision of providing skilled human resource in different business houses, industries, banks etc. for development and to ensure placement for at least 60% trained youths.

This aims to train 540 youths within the period of one year and started two Rozgar Training Centres at villages namely Chandaha and Bijulia. Chandaha RTC offers three months practical training in the trades of Mobile Phone Repair, Industrial Gloves Making and Beautician while Bijulia RTC has two courses for youths as General Duty Assistant (GDA) and Basic Computer Applications (BCA). These RTCs have completed 02 batches on GDA, BCA & Mobile Repair trades including 01 batch of Beautician trade with total 160 students. 62% trainees of first batch have been placed and in second batch which ended in December'19, placement became comparatively low as 43% but efforts are being made to increase this ratio. Sewing Centres are operational at villages like Siyaljori, Yogidih, Bandhdih, Mohal, Bhagabandh, Madhunia, Modidih, Kumartand, Chandaha, Tentulia and Alkusa with total 224 students enrolled in one year course. At Bandhdih Sewing Centre, 20 women have been trained for Industrial Safety Gloves making. They got an order for 900 safety gloves from ESL and supplied gloves already. These RTCs & Sewing Centres cover more than 50 villages of this area.



There are support activities like Communication Meeting and Meeting of Village Development Committees. Communication meeting is like a platform where personnel of CSR department in Vedanta ESL and NBJK program team meet together to communicate about ongoing schemes & services for villages. The staffs from CSR department of Vedanta ESL and members of NBJK program team participate in VDC meeting. They describe about the schemes & services, ask for suggestions from villagers and implement that if found suitable.

From December'19, NBJK's intervention expanded and Prerna Kendras started at 5 villages. These kendras provide 02 hours additional classes in maths, science & English for students of 9th and 10th before or after school periods. Tutorial Classes are running at 5 locations in 3 villages, Drawing Centres began at 3 other villages to promote creativity of children from poor families and two teachers have been appointed in PSM High School, Siyaljori to strengthen this community run school.

## बोकारो में वेदांता इएसएल कौशल विकास कार्यक्रम

जुलाई 2019 में नव भारत जागृति केंद्र द्वारा झारखण्ड के बोकारो जिला में चास और चंदनकियारी प्रखंडों के 29 गांवों में युवाओं हेतु कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई. इस कार्यक्रम को वेदांता ग्रुप की कंपनी इलेक्ट्रोस्टील स्टील्स लि० के कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व पहल के अंतर्गत प्रारंभ किया गया है. यह कंपनी चंदनकियारी प्रखंड के सियालजोरी गांव के निकट डीआइ पाइप, टीएमटी बार, वायर रॉड, बिल्लेट्स, पिग आयरन आदि बनाने का काम करती है. कार्यक्रम का उद्देश्य फैक्ट्री के निकटवर्ती गांवों में बेरोजगार युवाओं को कौशल, सामर्थ्य और विश्वास से लैस करना है ताकि विभिन्न उद्योग–धंधों या कंपनियों में उन्हें रोजगार मिल सके अथवा छोटे उद्यमी के तौर पर उन्हें स्थायी आजीविका से जोड़ा जा सके. उम्मीद की जाती है कि इस कार्यक्रम से विभिन्न व्यापारिक संस्थानों, उद्योगों, बैंक आदि को कुशल मानव संसाधन मिलेंगे, विकास की गति तेज होगी और कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित युवाओं में से कम से कम 60: को रोजगार मिल पायेगा.

वेदांता इएसएल कौशल विकास कार्यक्रम ने एक वर्ष की अवधि में 540 युवाओं को विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है और चंदाहा के साथ बिजुलिया गांवों में दो रोजगार प्रशिक्षण केंद्र खोले गये हैं. चंदाहा केंद्र में मोबाइल फोन मरम्मत, औद्योगिक सुरक्षा दस्ताना निर्माण और ब्यूटिशियन ट्रेड्स में तीन महीनों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है. जबकि बिजुलिया केंद्र में जनरल ड्यूटी असिस्टेंट और बेसिक कंप्यूटर एप्लीकेशन्स के ट्रेड्स में युवाओं को प्रशिक्षित किया जाता है. इन रोजगार प्रशिक्षण केन्द्रों से जीडीए, बीसीए और मोबाइल मरम्मत पाठ्यक्रमों के दो बैचों और ब्यूटिशियन कोर्स के एक बैच में कुल 160 युवाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है. पहले बैच के 62: प्रशिक्षुओं को रोजगार मिल चुका है और दिसम्बर'19 में समाप्त होने वाले दुसरे बैच के 43: प्रशिक्षु नियोजित हैं. इस नियोजन अनुपात को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है. इसके अलावा सियालजोरी, योगीडीह, बांधडीह, महल, भागाबांध, मधुनिया, मोदीडीह, कुमारटांड, चंदाहा, तेंतुलिया और अलकुसा गांवों में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र खोले गये हैं, जिनमें कुल 224 युवा महिलाओं को एकवर्षीय टेलरिंग प्रशिक्षण दिया जा रहा है. बांधडीह सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में 20 महिलाओं को औद्योगिक सुरक्षा दस्ताना निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया है. इएसएल कंपनी ने उन महिलाओं को ऐसे 900 दस्ताने बनाकर भेजने का काम दिया, जो उन्होंने काफी लगन से पूरा किया है. एनबीजेके संचालित रोजगार प्रशिक्षण केन्द्रों और सिलाई प्रशिक्षण केन्द्रों की पहुँच इस क्षेत्र के लगभग 50 गांवों तक है.

कार्यक्रम अंतर्गत सहयोगी गतिविधियों में संप्रेषण बैठक और ग्राम विकास समिति बैठक का महत्वपूर्ण स्थान है. संप्रेषण बैठक एक मंच की तरह है, जिसमें वेदांता इएसएल के सीएसआर विभाग के अधिकारी–कर्मचारीगण और एनबीजेके संचालित कार्यक्रम टीम के सदस्यगण मिलते हैं और गांवों में जारी योजनाओंध्सेवाओं का जायजा लेते हैं. ग्रा. वि. स. की बैठक में ग्रामीणों के साथ वेदांता इएसएल और एनबीजेके के प्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहते हैं. इसमें समुदाय के लिए क्रियान्वित योजनाओं और सेवाओं पर चर्चा होती है, ग्रामीणों से उनकी राय ली जाती है और सही सुझाव को अमल में भी लाया जाता है. दिसम्बर'19 से एनबीजेके की गतिविधियों में बढ़ोत्तरी हुई है और 5 गांवों में प्रेरणा केंद्र शुरु हुए हैं. इन केन्द्रों में 9वीं, 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों को स्कूल समय से पहले और बाद में उनकी सुविधानुसार प्रति दिन 2 घंटे विज्ञान, गणित और अंग्रेजी विषयों का अतिरिक्त वर्ग लिया जाता है. 3 गांवों में 5 स्थानों पर ट्युटोरिअल कक्षाएं चल रही हैं और 3 अन्य गांवों में गरीब परिवार के बच्चों में छुपी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से ड्राइंग केंद्र खोले गये हैं. इसके अलावा सियालजोरी गांव में समुदाय संचालित पीएसएम उच्च विद्यालय में दो शिक्षकों की नियुक्ति भी की गयी है ताकि बच्चों की पढ़ाई सुचारू रूप से चल सके.

## A Convention on JP Birth Anniversary

11 October 2019, Silaunja, Bodhgaya: On the birth anniversary of Loknayak Jay Prakash (JP), a convention held under auspices of Gaya District Lok Samiti. The program was inaugurated by Mr. Vijay Manjhi (MP, Gaya) who remembered JP for making exploited, deprived people aware and said about Bihar Government's seven resolves as realization of JP's dream. On this occasion, Mr. Girija Satish (President, National Lok Samiti) described about early life of JP, his contribution to India's freedom movement and important role in independent India. JP was a world citizen and his very concept of Total Revolution opens the door of systemic change, he said. Mr. Kaushal Ganesh Azad (National Co-ordinator, Lok Samiti) recalled JP's resistance against arbitrary use of power, communalism, corruption, superstition, casteism etc. Mrs. Samta Devi (MLA, Barachatti) expressed her concern over complexity of red-tapism. Mrs. Jyoti Manjhi (Ex-MLA, Barachatti) appreciated Lok Samiti and said about her learning from the organization that made her MLA even. LS convention was addressed by Mrs. Putul Kumari (Ex-District Councilor), Mrs. Meena Devi, Mr. Baleshwar Manjhi, Mr. Krishnadev Paswan, Mr. Shivjatan Bhai including veteran social worker Mr. Ramswaroop Bhai and others also. About 300 delegates from district units of Patna, Gaya, Aurangabad, Nawada, Nalanda, Samastipur, Baxar, Bhabhua, Kaimur, Jehanabad, Rohtas, Khagadia have participated in the convention presided by Mr. Parwez Ahmad (Senior Advocate, Gaya). Mr. Shivji Singh (General Secretary, BSLS) has anchored the proceedings and delivered vote of thanks.



## जेपी जयन्ती पर सम्मेलन

11 अक्टूबर 2019, सिलौंजा, बोधगयाः लोकनायक जयप्रकाश जयन्ती के अवसर पर गया जिला लोक समिति के तत्वावधान में एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसका उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि श्री विजय मांझी (सांसद, गया) ने कहा कि जेपी ने शोषित, वंचितों को जगाने का काम किया था और बिहार सरकार ने जेपी के सपनों को ही अपने सात निश्चय कार्यक्रम में शामिल किया है. इस अवसर पर लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गिरिजा सतीश ने जेपी के प्रारंभिक जीवन, आजादी की लड़ाई में योगदान और स्वतन्त्र भारत में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्हें विश्व मानव बताया और कहा कि सम्पूर्ण क्रांति अवधारणा में व्यवस्था परिवर्तन के सूत्र हैं. लो.स. राष्ट्रीय संयोजक श्री कौशल गणेश आजाद ने जेपी को सत्ता की मनमानी, साम्प्रदायिकता, भ्रष्टाचार, अन्धविश्वास, जातिवाद का विरोधी बताया. बाराचट्टी विधायिका श्रीमती समता देवी ने लालफीताशाही को विकास में बाधक कहा. बाराचट्टी की पूर्व विधायिका श्रीमती ज्योति मांझी ने कहा कि लोक समिति से हमें बहुत कुछ सीखने को मिला है और हम विधायक बने. सम्मेलन को वयोवृद्ध समाजसेवी श्री रामस्वरूप भाई समेत श्रीमती पुतुल कुमारी (पूर्व जिला पार्षद), श्रीमती मीना देवी, श्री बालेश्वर मांझी, श्री कृष्णदेव पासवान, श्री शिवजतन भाई एवं अन्य प्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता जनाब परवेज अहमद (वरिष्ठ अधिवक्ता, गया) कर रहे थे. सम्मेलन में गया, औरंगाबाद, नवादा, समस्तीपुर, बक्सर, भभुआ, कैमूर, नालन्दा, जहानाबाद, खगड़िया, रोहतास आदि जिलों से लगभग 300 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था, जिनमें 100 से अधिक महिलाएं शामिल थीं. मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन श्री शिवजी सिंह (महामन्त्री, बिहार प्रदेश लोक समिति) ने किया.

## Training on High Value Agriculture for VOs Representatives

23-25 October 2019, Hazaribag: Under the program of Support to Small Initiatives with help of Bread for the World, Germany, three days training camp upon High Value Agriculture was organized for VOs from Jharkhand & Bihar. This aimed to introduce innovative farming towards food security in the areas where these small VOs work. In presence of Mr. Girija Satish (President, NBJK), Mr. Mukul Tiru (a lakhpati farmer with NBJK Khunti intervention) has oriented the trainees to prepare plants systematically as in a nursery. He made them to sow around 8000 seeds of capsicum, cauliflower, tomato, papaya by using coco-pit, pro-tray & organic fertilizer. Next day the participants have been introduced to package of practices to grow watermelon, tomato, cabbage with help of video clips. Also they learnt to make & use organic compost, pesticide, Azolla pit etc. On 25th October, the trainees went for exposure and visited some progressive farmers' crops of chilli, tomato & cabbage at Sila, Birhu, Ichak villages in Chatra district. These farmers are promoted by Lok Prerna Kendra, Simariya (Chatra), a network VO. Also a meeting was organized with the farmers at Ichak Panchayat Bhawan. 27 VOs representatives from Ranchi, Dhanbad, Koderma, Chatra, Bokaro, Muzaffarpur, Motihari, Chhapra, Nawada, Nalanda, Gaya districts have participated in the training. Mr. Rajeev Singh, Mr. Abhay Kumar and Ms Nikky Soren (all NBJK) have coordinated the event.



## छोटी संस्थाओं को उन्नत कृषि पर प्रशिक्षण

23–25 अक्टूबर 2019, अमृतनगर (हजारीबाग): ब्रेड फॉर दि वर्ल्ड, जर्मनी के सहयोग से नव भारत जागृति केन्द्र संचालित छोटे समूह मदद कार्यक्रम अंतर्गत झारखंड–बिहार की छोटी संस्थाओं के कार्य क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. इस प्रशिक्षण में संस्था प्रतिनिधियों को नर्सरी में पौधा तैयार करने के वैज्ञानिक तरीकों से अवगत कराया गया. उन्होंने कोकोपिट, प्रोट्रे, जैविक खाद की सहायता से शिमला मिर्च, फुलगोभी, टमाटर, पपीता के लगभग 8000 बीज लगाए. दूसरे दिन उन्हें वीडियो फिल्म के माध्यम से तरबूज, टमाटर, पत्तागोभी की खेती से सम्बन्धित पैकेज ऑफ प्रैक्टिस की जानकारी दी गयी और जैविक–कम्पोस्ट खाद, कीटनाशक, अजोला पिट आदि की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया. इस दौरान नभाजाकेंद्र अध्यक्ष श्री गिरिजा सतीश उपस्थित थे और बतौर संसाधन व्यक्ति खूंटी के लखपति किसान मुकुल तीरू ने अपनी सेवा दिया. अंतिम दिन प्रशिक्षुओं को क्षेत्र भ्रमण के दौरान नभाजाकेंद्र नेटवर्क संस्था लोक प्रेरणा केन्द्र, सिमरिया (चतरा) से जुड़े प्रगतिशील किसानों की खेती से रूबरू कराया गया. इस क्रम में उन्होंने सिला, बिरहू, इचाक गांवों में खेत पर जाकर मिर्च, टमाटर, बंदागोभी की फसलों का निरीक्षण किया और इचाक पंचायत भवन में किसानों के साथ बैठक हुई. प्रशिक्षण में रांची, धनबाद, कोडरमा, चतरा, बोकारो, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, छपरा, नवादा, नालन्दा, गया आदि जिलों से 27 स्वैच्छिक संस्थाओं के प्रतिनिधिगण शामिल थे. कार्यक्रम आयोजन में श्री राजीव सिंह, श्री अभय कुमार और सुश्री निक्की सोरेन की प्रमुख भूमिका रही.

## SBI Gram Seva Achievements

22 November 2019, Mumbai: Under SBI Foundation, Mumbai supported *SBI Gram Seva* project, a review meeting was called at SBIF head office, Mumbai. Mr. Anand Abhinav (PD, NBJK) and Mr. Jitendra Kr. (PM, NBJK) have participated in the meeting and explained about the program which supported 750 farmers with 187 motor pumps, established 21 drip irrigation units with renovation of 03 ponds and 62 wells. Also 29 new hand pumps are installed with repair of 90 old ones and 4343 trees planted. All these initiatives have ensured irrigation for 243 acres, increased farmers' income with food security and provided safe drinking water to 595 HHs. The very construction of 33 community bathrooms has protected privacy and dignity of 350+ women. 69 youths got training at RSETI for self-employment, skilled women are running a tailoring centre and there are 3271 beneficiaries of Govt. schemes worth Rs. 6.48 crores in villages. For digitalization purpose, there is Community Information Center in each village for people's access to internet & multipurpose allied services with 05 computers per CIC. Likewise 315 school children are enrolled at Remedial Coaching Center started in every village under the program. To strengthen existing educational infrastructure, SBI Gram Seva has renovated 04 Aanganwadi Centers, 04 schools and supported community life with construction of 07 meeting platforms. Also there were health camps, cleanliness drive and measures are being taken for strengthening of CBOs with increased participation of beneficiaries under the program, they informed. *SBI Gram Seva* is being executed by NBJK in 5 villages of Chakai block (dist-Jaamui, Bihar) and 5 villages of Deoghar Sadar block (dist-Deoghar, Jharkhand) since October 2017.



## एसबीआइ ग्राम सेवा परियोजना की उपलब्धियां

22 नवम्बर 2019, मुंबईः एसबीआइ फाउंडेशन, मुंबई के सहयोग से संचालित एसबीआइ ग्राम सेवा परियोजना की समीक्षा बैठक का आयोजन एसबीआइ फाउंडेशन, मुंबई के मुख्यालय में आयोजित किया गया था. नभाजाकेंद्र की ओर से श्री आनंद अभिनव (कार्यक्रम निदेशक) और श्री जितेंद्र कुमार (कार्यक्रम प्रबंधक) ने इसमें भाग लिया और बताया कि परियोजना के माध्यम से 750 किसानों के बीच 187 मोटर पंपों का वितरण, 21 ड्रिप सिंचाई इकाइयों की स्थापना और 3 तालाबों के साथ 62 कुँओं का जीर्णोद्धार किया गया. 90 पुराने चापाकलों की मरम्मत, 29 नये चापाकल और 4343 पौधे लगे हैं. श्री अभिनव ने कहा कि इन प्रयासों से 243 एकड़ भूमि सिंचित हुई, खाद्य सुरक्षा के साथ किसानों की आय बढ़ी और 595 घरों तक सुरक्षित पेय जल पहुँचा है. 33 सामुदायिक स्नानागार के निर्माण से 350 से अधिक ग्रामीण महिलाओं की निजता और गरिमा को सुरक्षा मिली है, 69 युवाओं को ग्रा.स्व.प्र.सं. में प्रशिक्षण मिला, प्रशिक्षित महिलाओं द्वारा एक सिलाई प्रशिक्षण केंद्र संचालित किया जाता है और लक्षित गांवों में 6.48 करोड़ रु० की सरकारी योजनाओं के 3271 लाभुक हैं. डीजिटेलाइजेशन के उद्देश्य से हर गांव में सामुदायिक सूचना केंद्र खोले गये हैं, जहाँ 5 कंप्यूटर के साथ इंटरनेट और उससे जुड़ी सेवाएं उपलब्ध हैं. प्रत्येक गांव में चल रहे रीमिडिअल कोचिंग केंद्रों में कुल 315 स्कूली बच्चे पढ़ते हैं. शैक्षणिक इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने के लिए 4 आंगनबाड़ी केन्द्रों और 4 विद्यालयों का नवीकरण हुआ है और सामुदायिक जीवन को सुगम बनाने हेतु 7 बैठकी चबूतरों का निर्माण हुआ है. नभाजाकेंद्र प्रतिनिधियों ने बताया कि उपरोक्त कार्यों के अलावा स्वास्थ्य शिविर–स्वच्छता अभियान आयोजन और समुदाय आधारित संगठनों की मजबूती जैसे प्रयास भी जारी हैं. विदित हो कि अक्टूबर 2017 से चकाइ प्रखंड (जि०–जमुई, बिहार) के 5 गांवों और देवघर सदर प्रखंड (जि०–देवघर, झारखंड) के 5 गांवों में नभाजाकेंद्र द्वारा एसबीआइ ग्राम सेवा परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है.

## Menstruation Health Management Fair

19 December 2019, Khunti : Under the joint auspices of NBJK, Murhu Nari Shakti Kisan producer Co. Ltd. and CInI Tata Trust, a Menstruation Health Management Fair held at Bichna Upgraded Primary School ground in Murhu block of Khunti district. The program was inaugurated by Dr. Prabhat Kumar (Civil Sugeon), Mr. Mohit Purty (Manager, NBJK-Khunti) and Mrs. Chitralekha Choudhary (Project's state anchor) jointly. Dr. Prabhat Kumar expressed distress over decreasing number of daughters and said that we must add Beti Badhao to the slogan of Beti Bachao, Beti Padhao. He provided information upon menstruation and appealed to come out from conservative ideas. Mrs. Chitralekha Choudhary has focused upon project's objective to make women safe from various diseases by promoting hygiene during menstruation and informed that women are making sanitary pads by cloth in villages under the project. During the fair, Dr. Monica Bajray provided treatment to women suffering from problems related to menses. She has cleared related doubts & fear. There were stalls where women have made reusable & eco-friendly sanitary napkins and school children presented cultural activities. Also they participated in experience sharing sessions to break their silence over the issue. Mrs. Kanan Bala Tirkey, Mr. Anil Hassa, Ms Roshni Topno (MHO Co-ordinator), Mrs. Dayamani Nag have led the event successfully.



## माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन मेला

19 दिसम्बर 2019, खूंटी: नवभारत जागृति केंद्र, मुरहू नारी शक्ति किसान प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड और सिनी टाटा ट्रस्ट की संयुक्त परियोजना माहवारी जागरूकता कार्यक्रम के तहत मुरहू प्रखंड के बिचना उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मैदान में माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन मेला का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन डॉ० प्रभात कुमार (सिविल सर्जन, खूंटी), श्री मोहित पूर्ति (प्रबंधक, नभाजाकेंद्र–खूंटी) और श्रीमती चित्रलेखा चौधरी (परियोजना स्टेट एंकर) ने संयुक्त रूप से किया. डॉ० प्रभात कुमार ने कहा कि बेटियों की घटती संख्या के मद्देनजर अब हमें बेटी पढ़ाओ–बेटी बचाओ के साथ बेटी बढ़ाओ का नारा भी देना होगा. उन्होंने माहवारी पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि हमे पुरानी धारणाओं से निकलकर अपने स्वच्छता और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी होगी. परियोजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए श्रीमती चित्रलेखा चौधरी ने कहा कि माहवारी के दौरान स्वच्छता अपनाकर विभिन्न जानलेवा बीमारियो से सुरक्षा मिल सकती है. उन्होंने बताया कि ग्रामीण महिलाएं माहवारी स्वच्छता की दृष्टि से कपड़ों से बने सेनेटरी पैडों का निर्माण कर रही हैं. मेले में डॉ० मोनिका बाजराय ने माहवारी संबंधी बीमारियों से ग्रसित महिलाओं का इलाज करते हुए उनकी आशंकाओं और भ्रम को भी दूर किया. इस मौके पर अनेक स्टॉल लगे थे, जहाँ महिलाएं फिर से इस्तेमाल होने वाली सेनेटरी नेपकिन बना रही थीं और स्कूली बच्चियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया. मेला के दौरान ग्रामीण महिलाओं और बच्चियों ने चुप्पी तोड़ते हुए माहवारी से संबंधित अपने अनुभवों को बेझिझक साझा किया. आयोजन टीम में श्रीमती कानन बाला तिर्की, श्री अनिल हस्सा, एमएचओ समन्वयक सुश्री रोशनी टोपनो, श्रीमती दयामनी नाग आदि प्रमुख थे.

## Science-cum-Culinary Skills Exhibition and a New Basketball Court at SPP School

21 December 2019, Bahera (Chouparan), Hazaribag: At NBJK run Surekha Pakashbhai Public School, a Science-cum-Culinary Skills Exhibition was organized gracefully and inaugurated by Mr. Nitin Kr. Singh (OIC, Chouparan PS) and Mrs. Sheela Kumai (Secretary, Stri Shakti-Hazaribag) jointly. Also they inaugurated a newly constructed basketball court in the campus. The guests have appreciated science models as well as tasty dishes prepared by the students. Mr. Nitin Kr. Singh valued such educational initiative by NBJK in this rural area and encouraged the children to acquire scientific knowledge in this modern age. It's noteworthy that SPPS students have displayed more than 50 models including Chandrayan-2, Periscope, Smart Washing Machine, Water Filter, Electric Smoke Observer, Vacuum Cleaner, Water Rocket, Smart Air Conditioner, Wind Mill, Rain Water Harvesting and many others. Also they prepared and served many delicious dishes like Pani-Puri, Litti-Chokha, Chhola-Batura, Alu Chop, Bread Chop, Chaat, Samosa, Chaumin, Pasta etc. with Tea-Coffee to the guests, parents & visitors. All the people have expressed a lot of admiration for the school family for such pleasant event.



## एसपीपी स्कूल में विज्ञान–सह–पाक कला प्रदर्शनी और बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन

21 दिसम्बर 2019, बहेरा (चौपारण), हजारीबागः नभाजाकेंद्र संचालित सुरेखा प्रकाशभाई पब्लिक स्कूल में आयोजित विज्ञान–सह–पाक कला प्रदर्शनी का उद्घाटन श्री नितिन कुमार सिंह (प्रभारी, चौपारण थाना) और श्रीमती शीला कुमारी (सचिव–स्त्री शक्ति, हजारीबाग) ने संयुक्त रूप से किया. उन्होंने विद्यालय परिसर में नवनिर्मित बास्केटबॉल कोर्ट का उद्घाटन भी किया. अतिथियों ने विद्यार्थियों के बनाये वैज्ञानिक मॉडलों और स्वादिष्ट व्यंजनों की प्रशंसा किया. श्री नितिन कु० सिंह ने इस ग्रामीण क्षेत्र में नभाजाकेंद्र की शैक्षणिक पहल को महत्वपूर्ण मानते हुए इस आधुनिक युग में वैज्ञानिक जानकारी के प्रति बच्चों को प्रोत्साहित किया. उल्लेखनीय है कि इस विज्ञान मेला में विद्यालय के छात्रों–छात्राओं ने चंद्रयान–2, पेरिस्कोप, स्मार्ट वाशिंग मशीन, वाटर फिल्टर, इलेक्ट्रिक स्मोक आब्जर्वर, वैक्यूम क्लीनर, वाटर राकेट, स्मार्ट एयर कंडीशनर, विंड मिल, रेन वाटर हार्वेस्टिंग समेत 50 से अधिक मॉडल बनाये थे. पाक कला प्रदर्शनी में शामिल विद्यार्थियों द्वारा मेहमानों, अभिभावकों और दर्शकों को पानी–पुड़ी, लिट्टी–चोखा, आलू चॉप, छोला–भटूरा, ब्रेड चॉप, चाट, समोसा, चाउमिन, पास्ता जैसे अनेक स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ चाय–कॉफी भी पेश किये गये. सभी लोगों ने ऐसे सुखद आयोजन हेतु विद्यालय परिवार को साधुवाद दिया.

## Remedial Coacing Centers Organize Teachers-Parents Meeting

24 December 2019, Amrit Nagar (Hazaribag): NBJK run Remedial Coaching Centers (RCCs) with support of HDBFSL-Mumbai have organized Teachers-Parents Meeting. This was attended by teachers from 20 RCCs and parents of the girls enrolled there. On this occasion, Mr. Prabhu Nath Sharma (Treasurer-NBJK) appealed to the parents to deny marriage of daughters before their age of 18 years and to provide them equal opportunity like sons. Also Mr. Abhay Kumar, Mr. Pintu Kumar (supervisors), Mr. Om Prakash, Mr. Anand Singh, Mr. Sahdev Prasad and other teachers have thrown light over importance of girls' education. From parents' side, Mrs. Meena Prajapati, Mrs. Kunti Devi, Mrs. Kaushalya Devi enriched the meeting with their ideas. They appreciated the event and said about benefit of RCCs reached to the people before and this helps their daughters to complete school education. All have insisted for better harmonization among students, teachers and parents.




## रीमिडीयल कोचिंग केन्द्रों ने आयोजित किया शिक्षक –अभिभावक बैठक

24 दिसम्बर 2019, अमृत नगर (हजारीबाग): एचडीबीएफएसएल–मुंबई के सहयोग से हजारीबाग जिला के सदर और चुरचू प्रखंडों में नभाजाकेंद्र संचालित 20 रीमिडीयल कोचिंग केन्द्रों के शिक्षकों और वहां पढ़ने वाली बच्चियों के अभिभावकों की संयुक्त बैठक आयोजित हुई. इस अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष श्री प्रभुनाथ शर्मा ने अभिभावकों से अपील किया कि अपनी बेटियों का विवाह 18 वर्ष की उम्र से पहले नहीं करें और उन्हें बेटों के समान अवसर प्रदान करें. श्री अभय कुमार और श्री पिंटू कुमार (पर्यवेक्षक) के साथ श्री ओमप्रकाश, श्री आनंद सिंह, श्री सहदेव प्रसाद एवं अन्य शिक्षकों ने भी बालिका शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला. अभिभावकों की और से श्रीमती मीना प्रजापति, श्रीमती कुंती देवी, श्रीमती कौशल्या देवी आदि ने अपना विचार व्यक्त किया. उन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों को रीमिडीयल कोचिंग केन्द्रों का लाभ पहले भी मिला है और हमारी बेटियों की स्कूली शिक्षा को बेहतर बनाने में इसका काफी योगदान है. सभी लोगों ने विद्यार्थी, अभिभावक और शिक्षक के बीच बेहतर तालमेल को जरूरी बताया.

## Honour to NBJK

26 October 2019, Ahmedabad: NBJK got awarded with Citation and Rs.5 Lakhs with the hands of H E Shri Shri Gurudev Ravi Shankar ji given under CSR support of Prasad Group of Company. Mr. Girija Satish (Founder Member & President, NBJK) and Mr. Satish Girija (Founder Member & Secretary, NBJK) have received the award on behalf of the organization during *Jyotirmaya*, a grand ceremony organized on this occasion. NBJK Family expresses sincere gratitude.




## न. भा. जा. केंद्र को सम्मान

26 अक्टूबर 2019, अहमदाबादः नव भारत जागृति केन्द्र को प्रसाद ग्रुप ऑफ कम्पनी के कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत सम्मानित किया गया है. अहमदाबाद में आयोजित भव्य "ज्योतिर्मय" समारोह में संस्था की ओर से श्री सतीश गिरिजा (संस्थापक सदस्य और सचिव, न.भा.जा.के.) और श्री गिरिजा सतीश (संस्थापक सदस्य और अध्यक्ष, न.भा.जा.के.) ने प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर के हाथों एक प्रशस्तिपत्र और 5 लाख रु० की सम्मान राशि प्राप्त किया. एनबीजेके परिवार आभारी है.

## Activities at Lord Buddha Home for Children

LBHC, Silaunja (Bodhgaya): On 16 Oct'19, the children have celebrated 76th Birthday anniversary of Mrs. Ine Buma (Head, SKB-the Netherlands), the founder of LBHC. They organized the program with song-dance, cake cutting, enjoyed special food and remembered her ceaseless compassion for them that made LBHC a reality in the year 2005. On 18 Oct'19, Mr. Anil Kumar Datta and Mr. Satish Datta have donated Rs. 60,000 to LBHC. On behalf of NBJK, Mr. Anand Abhinav (Program Director) has received the cheque. On 01 Dec'19, Mrs. Induprabha Sinha and Mrs. Rajnandini Sinha from Gaya have met the children at LBHC. They donated Rs. 10,000 to LBHC to take care of these destitute children. NBJK family is grateful to these benign, generous people for supporting the orphanage. On 25 Dec'19, Christmas Day was celebrated with much fanfare at LBHC. The orphan children have greeted each other and organized cultural program on this occasion.



## लॉर्ड बुद्धा होम फॉर चिल्ड्रेन की गतिविधियाँ

लॉर्ड बुद्धा होम फॉर चिल्ड्रेन, सिलौंजा (बोधगया): 16 अक्टूबर'19 को यहाँ के बच्चों ने एसकेबी–दि नेदरलैंड्स की प्रमुख और नभाजाकेंद्र संचालित अनाथालय लॉर्ड बुद्धा होम फॉर चिल्ड्रेन की संस्थापिका श्रीमती इने बुमा का 76वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया. बच्चों ने नृत्य–संगीत का आयोजन किया, केक काटा, विशेष भोजन किया और उन दयामयी महिला के मातृवत स्नेह को याद किया, जिनके सहयोग से इस अनाथालय की स्थापना वर्ष 2005 में हुई थी. 18 अक्टूबर को श्री अनिल कुमार दत्ता और श्री सतीश दत्ता ने नभाजाकेंद्र के कार्यक्रम निदेशक श्री आनंद अभिनव को एलबीएचसी के लिए 60,000 रु० का सहयोग चेक प्रदान किया. 01 दिसंबर'19 को गया निवासी श्रीमती इन्दुप्रभा सिन्हा और श्री राजनंदिनी सिन्हा ने एलबीएचसी आकर अनाथ बच्चों से भेंट किया और उनकी देखभाल के लिए प्रबंधन को 10,000 रु० का सहयोग किया. 25 दिसम्बर को यहाँ काफी उत्साहपूर्वक क्रिसमस का त्यौहार मनाया गया. इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया और एक–दूसरे को बधाइयाँ दीं कार्यक्रम में आये अतिथिगण ने इस अवसर का भरपूर आनंद उठाया.

# CASE STUDY केस स्टडी

## Training Made Her Strong

Ms. Sundara Kumari (19) belongs to village Mohal in Chandakiyari block of Bokaro district. She is doing graduation with Hindi at BBM College Baliapur, Dhanbad under Vinoba Bhave University, Hazaribg. Her father Mr. Shankar Rajwar (50) is a mason with monthly income of Rs. 3000-3500 only. Her mother Mrs. Simoti Devi (45) is a home maker while elder brother Mr. Dinesh Rajwar is earning Rs. 7000 per month in a factory at Pune. The family owns some agriculture land with several livestock and it was difficult to manage expenses.

Sundara wanted to do something additional along with study to support her family financially. As came to know about free of cost sewing course by Vedanta ESL-NBJK, she took admission at Bandhdih Sewing Centre. This helped Sundara to learn skills like cutting & sewing of handkerchief, blouse, salwar-kamij, churidar, underwear, umbrella frock, baby suit, baba suit etc. After getting confidence, she started her own shop that soon started to make income of Rs. 750-1,000 per month and even increases up to Rs. 2000 during festive seasons. Sundara spends the income over her study and to support her family. Learning of this tailoring skill made me strong, she says.



## प्रशिक्षण से आयी मजबूती

सुश्री सुंदरा कुमारी (19) बोकारो जिला के चंदनकियारी प्रखंड में ग्राम–मोहल की रहने वाली है. वह विनोबा भावे विश्वविद्यालय–हजारीबाग के अंतर्गत बीबीएम कॉलेज, बलिआपुर (धनबाद) से हिंदी प्रतिष्ठा में स्नातक की पढ़ाई भी कर रही है. उसके पिता श्री शंकर रजवार (50) गृह निर्माण कार्य के मजदूर हैं, जिनकी मासिक आमदनी रु० 3000–3,500 की है. माता श्रीमती सिमोती देवी (45) घरेलू महिला हैं और बड़ा भाई दिनेश रजवार पूना की एक फैक्ट्री में रु० 7,000 प्रति माह की पगार पाता है. थोड़ी खेती–बाड़ी और जानवर वगैरह भी हैं. परिवार चलाने में कठिनाई होती है.

सुंदरा अपनी पढ़ाई का खर्च निकालने के लिए खुद भी कुछ करना चाहती थी. जब उसे वेदांता इएसएल–एनबीजेके की ओर से चलाये जा रहे निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण के बारे में जानकारी मिली तो उसने बांधडीह सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में दाखिला ले लिया. वहां उसे रुमाल, ब्लाउज, सलवार–कमीज, चूड़ीदार, अंडरवियर, अम्ब्रेला फ्रॉक, बेबी सूट, बाबा सूट आदि की कटिंग और सिलाई करने का प्रशिक्षण मिला.

जब आत्मविश्वास बढ़ा तो सुंदरा ने खुद की एक दुकान खोल ली, जहाँ से उसे प्रति माह 750–1000 रु० की आय होती है और त्योहारों के समय उसकी आमदनी बढ़कर 2000 रु० प्रति माह तक हो जाती है.

सुंदरा उन पैसों को अपनी पढ़ाई पर खर्च करती है और पारिवारिक खर्चों को पूरा करने में भी सहयोग देती है. सुंदरा का कहना है कि इस सिलाई प्रशिक्षण की वजह से उसमें मानसिक मजबूती आयी है.

परिकल्पना : श्री गिरिजा सतीश
प्रस्तुति : विनय भट्ट
नव भारत जागृति केन्द्र, संयोजन कार्यालय
ग्राम – अमृतनगर, पो. कोर्रा, जिला हजारीबाग (झारखण्ड) द्वारा प्रकाशित
दूरभाषः +91 9431140385, +91 9835751159
ई मेलः nbjkco@gmail.com; vinay.bhatta@nbjk.org

KALRA # 94311 59670, 98357 11566